हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

विधायक राघवेंद्र ने अघोर विद्यापीठ के कराटे खिलाड़ियों किया उत्साहवर्धन
4



## खबर संक्षेप

### युवक का रास्ता रोककर स्कूटी लूटकर फरार, दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नवरात्रि एवं दशहरा देखने निकले युवक का रास्ता रोककर स्कूटी लूटने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला मुलमुला थाना का है। इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 9 अक्टूबर की दरमियानी रात आदित्य पाटले निवासी भगवानपाली थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर ने थाना मुलमुला में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 2 अक्टूबर को वह अपनी स्कूटी से शिवरीनारायण दशहरा और नवरात्रि मेला देख वापस आ रहा था। इस दौरान रात्रि करीबन 11.30 बजे कोसा मेन रोड पर पहुंचा, तो मुलमुला क्षेत्र के ग्राम कोसा निवासी पुष्पराज गुप्ता उम्र 20 वर्ष एवं विशाल सिदार द्वारा रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट कर स्कूटी को लूट कर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए और मौके से फरार हो गए जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना मुलमुला में पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों रायपुर तरफ होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से धारा 115 (2), 296, 309 (4), 3(5) के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी मुलमुला निरीक्षक पारस पटेल, सहायक उप निरीक्षक प्रमोद महार, प्रधान आरक्षक राजमणी द्विवेदी, प्रधान आरक्षक बलबीर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### रायपुर के खिलाड़ियों ने जीता खिताबी मुकाबला, बने ओव्हरऑल चैम्पियन

# लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम किया जाए तो सफलता निश्चित : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जीवन में अगर लक्ष्य तय कर लिया जाए और उस दिशा में ईमानदारी से परिश्रम किया जाए तो सफलता निश्चित है। खिलाड़ियों को अपने गुरू से अनुशासन सीखना चाहिए। और खेल की बारीकियों को समझकर अभ्यास करना चाहिए। उक्त बातें पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही।

ज्ञात हो कि गुरूवार 9 अक्टूबर को 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। रायपुर के खिलाड़ियों ने खिताबी मुकाबला जीता और ओव्हरऑल चैम्पियन बने। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अपने संबोधन में जाज्वल्यदेव की नगरी में आयोजित इस राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता को गौरवमयी बताते हुए कहा कि कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों में भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले गुरु हनुमान और दारा सिंह जैसे महापुरुषों ने दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी को अपने गुरु से अनुशासन सीखना चाहिए और खेल की बारीकियों को समझकर अभ्यास करना चाहिए। खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक अनुशासन भी सिखाता है। जीवन में अगर लक्ष्य तय कर लिया जाए और उस दिशा में ईमानदारी से परिश्रम किया जाए, तो सफलता निश्चित है। आप सभी युवा खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन करें यही हमारी शुभकामना है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जब बच्चे खेलते हैं, तो उनका शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता है। खेलों से जीवन में निष्ठा, समर्पण और सहयोग की भावना आती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों प्रोत्साहित किया कि वे पूरे समर्पण के साथ अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करें और जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन करें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है, विशेषकर विद्यार्थी जीवन में। उन्होंने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। जो विद्यार्थी खेल के साथ संतुलन बनाना सीखते हैं, वे जीवन में हर क्षेत्र में सफल होते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वे आने वाले समय में और भी बेहतर प्रदर्शन करें और अपने लक्ष्य को हासिल करें। नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष मोहन यादव, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रमिला साहू, अमर सुलतानिया, विवेका गोपाल, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, पार्षदगण, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विजेता एव उपविजेता खिलाड़ियों को प्रशस्त्रि पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित अन्य।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।



समापन समारोह के अवसर पर मार्चपास्ट में शामिल खिलाड़ी।

### प्रतियोगिता में रायपुर संभाग रहा ओवरऑल चैंपियन

प्रतियोगिता में रायपुर ओवरऑल चैंपियन रहा। इसी प्रकार कुश्ती बालक 14 वर्ष में रायपुर प्रथम, द्वितीय- बिलासपुर, दुर्ग तृतीय, कुश्ती बालिका 14 वर्ष में प्रथम बस्तर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय सुरगुजा, कुश्ती बालक 17 वर्ष में प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय- बिलासपुर, कुश्ती बालिका 17 वर्ष में प्रथम रायपुर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय बस्तर, कुश्ती बालक 19 वर्ष में प्रथम रायपुर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय सरगुजा, कुश्ती बालिका 19 वर्ष में प्रथम बस्तर, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर, कुश्ती बालक 17 वर्ष ग्रीको रोमन में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय रायपुर, कुश्ती बालक 19 वर्ष ग्रीको रोमन में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय सरगुजा रहा।



**खबर संक्षेप**

## हरि लीला ट्रस्ट का सफलता संकल्प उत्सव का भव्य आयोजन 16 को

**जांजगीर-चांपा।** हरि लीला ट्रस्ट, बनारी (जांजगीर-नैला) द्वारा आयोजित मेगा इवेंट "सफलता संकल्प उत्सव 2025" का भव्य आयोजन आगामी 16 अक्टूबर (गुरुवार) को किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन होटल ड्रीम पॉइंट, जांजगीर में शाम 4 बजे से 7 बजे तक संपन्न होगा। यह आयोजन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों, प्रतिभावान विद्यार्थियों और प्रेरक संस्थाओं को एक ही मंच पर सम्मानित करने का विशेष अवसर बनेगा। इस उत्सव में प्रदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान एवं कॉलेज भाग लेंगे, जो अपने करियर गाइडेंस स्टॉल्स के माध्यम से छात्रों और युवाओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा करियर निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही हरि लीला ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता "महापरीक्षा अभियान" के विधानसभा स्तरीय फाइनल राउंड के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं, तथा विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी मंच पर सम्मान प्रदान किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा इस आयोजन के अंतर्गत "प्रेरणा सम्मान" के तहत राज्यपाल/राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, समाजसेवी संस्थाएँ, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, भूतपूर्व सैनिक, कवि-रचनाकार, रक्तदान संगठन, धार्मिक आयोजन समितियाँ, खेल संघों के पदाधिकारी, तथा पीएससी, व्यापम, नीट, जेईई, सब इंस्पेक्टर जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने बताया कि "सफलता संकल्प उत्सव केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भावना और सफलता की प्रेरणा जगाने का एक अभियान है। इस मंच के माध्यम से हम युवा पीढ़ी में आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना चाहते हैं।" इस अवसर पर जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति इस आयोजन को यादगार और प्रेरणादायी बनाएगी।

## गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जयंती के उपलक्ष पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सत्यनारायण यादव रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह द्वारा अध्यक्षीय एवं स्वागत भाषण देते हुए महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं प प्रकाश डाला गया और गांधी जी के आदर्शों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यनारायण यादव द्वारा प्रोजेक्टर में चलचित्र के माध्यम से सत्य और अहिंसा जैसे गांधी जी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला और छात्रों को इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद स्थापित किया और अपने जीवन से जुड़े विभिन्न घटनाओं को साझा करते हुए उन्हें जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय वायु सेवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर प्रो राहुल राठौर ने भारतीय वायु सेना दिवस से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए देश की सीमा में तैनात सैनिकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा सुनाई।आभार प्रदर्शन प्रो दुर्गा टंडन ने किया। कार्यक्रम में अरविंद मिरी, डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, संजीव चौहान, दुर्गा टण्डन,श्वेता सिंह चंदेल, संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, प्रभात कश्यप, नागेंद्र कुमार जांगड़े,अर्जुन दास मोहले उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षा का लिया संकल्प

**बिर्रा।** वातावरण को स्वच्छ बनाने एक पेड़ मां के नाम अभियन चलाया जा रहा है। इसी के तहत लीला मंडली चौक बिर्रा निवासी शिक्षक बुद्धेश्वर कुमार कश्यप जो वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलिहाघाट में पदस्थ है। उन्होंने ने भी अपने मां के नाम से एक पेड़ विद्यालय में लगाया है। जिसे अपने ही खर्च से लोहे के ट्री गार्ड बनाकर सुरक्षित किया है। जिसे नियमित रूप से देखभाल करता है। इसके साथ ही अपनी पत्नी एवं 2 बेटियों के नाम से भी विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया है। इस नेक कार्य की विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य अभय कुमार पांडेय और ग्राम वासियों ने शिक्षक बुद्धेश्वर कुमार कश्यप का प्रशंसा कर रहे हैं।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
ब्रॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपड़ा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे 2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते 999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

### उपमुख्यमंत्री ने नगर पंचायत अड़भार और डभरा में अटल परिसर का किया लोकार्पण

# गांव, गरीब और किसानों की चिंता करने वाले थे भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

उप मुख्यमंत्री अरुण साव बुधवार 8 अक्टूबर को सक्ती जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत अड़भार पहुंचकर मां अष्टभुजी के दर्शन कर मां अष्टभुजी मंदिर के चारों ओर परिक्रमा की और विधिवत पूजा अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय अड़भार के निकट भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की मूर्ति सहित अटल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने मां अष्टभुजी मंदिर परिसर पर कलश भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये स्वीकृति करने की घोषणा करते हुए कुल 2 करोड़ रुपये विभिन्न विकास कार्यो के लिए स्वीकृत करने की घोषणा की। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री ने डभरा चौक मे अटल परिसर का लोकार्पण किया तथा नगर पंचायत डभरा और नगर पंचायत चंद्रपुर में विभिन्न विकास कार्यो के लिए ढाई- ढाई करोड़ रूपये की स्वीकृति देने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित


अटल परिसर का लोकार्पण करते उपमुख्यमंत्री अरुण साव।

करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने नगरवासियों को बताया कि भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण सहित प्रदेश के अनेक विकास कार्यो में अति महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा की भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी गांव, गरीब और किसानों की चिंता करने वाले थे। अटल जी के द्वारा ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लागू की गई थी जिसकी वजह से आज गांव-गांव में सड़कों का निर्माण हुआ है और गांवों के विकास में तेजी आई है । भारत रत्न अटल जी के वजह से ही हमारे प्रदेश में बिलासपुर रेलवे जोन, एम्स, आईआईएम, आईआईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे अनेक संस्थान शुरू हो पाए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अटल जी द्वारा हमारे देश और छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में दिए गए योगदान को यादगार बनाने के लिए प्रदेश के सभी नगरिय क्षेत्रों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। आज गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है। सरकार द्वारा किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया गया है। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर माह एक एक हजार रुपए डाले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जनता के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रोपती कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत जांजगीर चांपा उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, टिकेश्वर गबेल, श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, कृष्णकांत चंद्रा संबंधित नगर पंचायतो के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम साव का जगह जगह हुआ स्वागत

**बाराद्वार।** नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्षदों के द्वार जोरदार स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव का हुआ स्वागत सक्ती जिले दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव का नया बाराद्वार बस स्टैंड के पास बाराद्वार भाजपा मंडल में जोर दार स्वागत किया गया। इस दौरान चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारी संघ ने भी स्वागत किया ।उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी का धन्यवाद किया ।अरुण साव के द्वारा बस स्टैंड स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गवेल उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ मौजूद रहे ।

**तनौद।** ग्राम पंचायत देवरी मोड़ (खरौद )के पास कोडाभाट (खरौद) मंडल द्वारा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. अरुण साव का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवरी मोड़ (खरौद)डॉ. साव का लड्डू से तौलकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अम्बेश जागड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्या आनंद मिरी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण में उप मुख्यमंत्री अरूण साव का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत ।शिवरीनारायण - प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव का 8अक्टूबर को शिवरीनारायण प्रवास के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा के युवा नेता गौरव केशरवानी के नेतृत्व में थाने मोड़ के पास बाजे-गाजे , आतिशबाजी व फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया इस अवसर पर गौरव केशरवानी कआग्रह पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव उनके निवास भी पहुचें जहां पर उनके परिवार वालों व उनकी मम्मी पार्षद सरला केशरवानी ने मंत्री का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हे तिलक लगा कर गुलदस्ता व बुकें भेट की इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चन्द्रकांत तिवारी सविता तिवारी , महेश केशरवानी ,सुभाष केशरवानी ,ओंकार सोनी , अश्वनी केशरवानी ,आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

**नवागढ़।** लिंगेश्वर महादेव की नगरी नगर पंचायत नवागढ़ में अटल परिसर के लोकार्पण एवं एस टी एफ एवं साथ ही कई विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का जगह जगह कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजयुमो के जिला मंत्री अनुराग केशरवानी के नेतृत्व में आतिशबाजी व केला से तौला गया।

## लायंस क्लब के सेवा सप्ताह में हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह के दौरान क्लब द्वारा लगातार सात दिनों तक विभिन्न सेवाभावी गतिविधियां एवं कार्यक्रम संचालित किये गये।

यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी एवं सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि सेवा सप्ताह के पहले दिन 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लायंस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय चांपा में साफ-सफाई की गई। सेवा सप्ताह के दूसरे दिन 3 अक्टूबर को लायंस स्कूल में दोपहर 12 बजे से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह के तीसरे दिन 4 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से लायंस भवन में लिपिड प्रोफाईल एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से कुल 48 लोग लाभांवित हुए। सेवा सप्ताह के चैथे दिन 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से हेमिन बाई रामनारायण राठौर नर्सिंग होम चांपा में भर्ती मरीजों को फल वितरण तथा नवजात शिशुओं को सुरक्षा कीट का वितरण किया गया, जिससे 36 लोग लाभांवित हुए। सेवा सप्ताह के पांचवे दिन 6 अक्टूबर को दिन दोपहर 12 बजे से लायंस भवन में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. श्रीमती वर्षा रानी सराफ ने 115


राष्ट्रपिता के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर सेवा सप्ताह का शुभारंभ।


नवप्रसूता को हिमालया कीट का वितरण करते लायंस पदाधिकार।

विद्यार्थियों का दंत परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। सेवा सप्ताह के छठवें दिन 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से लायंस भवन में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के श्री गणेश विनायक नेत्र चिकित्सालय के स्टॉफ द्वारा 145 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। सेवा सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन 8 अक्टूबर को शाम 7 बजे से पुराना नगरपालिका के पास स्थित सिद्धी विनायक मंदिर में लगभग 2000 श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। सेवा सप्ताह के सभी कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से लायंस क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन विनोद अग्रवाल, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल, लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन उत्तमप्रकाश देवांगन, लायन नेहरू देवांगन, लायन रमेश कुमार देवांगन सहित पूरन लाल बरेठ की सहभागिता रही।

## बस की बाइक से टक्कर दो की मौत, 15 घायल



**राउरकेला।** जिले के लहुनिपाड़ा थाना क्षेत्र के बसुबहाल के पास बुधवार की शाम को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। हादसे के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार लिंगराज नामक निजी बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को राउरकेला ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट नीचे सड़क किनारे जा गिरी, जिससे उसमें सवार लगभग 15 यात्री घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषी बस चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**ईश्तहार**
क्र. 129/अ.वि.अ./ व्यपवर्तन / 2025
जांजगीर, दिनांक 7/10/25

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम गोधना को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पिता बोर्राराम निवासी ग्राम गोधना तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गोधना प.ह.नं. 05 तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 3413/3 रकबा 0.08 एकड़ भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 22/10/25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 07/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर

कार्यालय तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चापा (छ.ग.)
**// ईश्तहार //**
क्रमांक / / तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 08.10.2025
रा.प्र.क्र 20251006310016/ब-121
ग्राम - डोंगाकोहरौद प.ह.नं.

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक धनेश बाई पति शौकीलाल जाति सूर्यवंशी साकिन डोंगाकोहरौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के द्वारा ऋण पुस्तिका हेतु शपथ पत्र के एवं बी 1 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम डोंगाकोहरौद में कुल खसरा नंबर 02 रकबा 0.7470 हे. भूमि अवस्थित है ऋण पुस्तिका के लिए प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17-10-2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है

आज दिनांक 08.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
तहसीलदार
पामगढ़,
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)


बाजार में पूजा सामग्री की खरीददारी करती महिलाएं।

## करवा चौथ को लेकर श्रृंगार सदनों में दिनभर लगी रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं आज रखेंगी व्रत

पति की लम्बी आयु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं शुक्रवार 10 अक्टुबर को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस दिन महिलाएं पूरे दिनभर निराहार रहकर निर्जला उपवास रहेंगी। शाम को सोलह श्रृंगार कर शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर उगते चंद्र को अर्ध्य देंगी व निर्जला व्रत का कथा श्रवण की जाएगी। श्रृंगार सदनों में गुरुवार को महिलाओं भीड़ देखी गई।

धार्मिक मान्यतानुसार बारह महीने में बारह चतुर्थी पड़ती है। इस दौरान कार्तिक मास के कृष्णाक्ष के चतुर्थी को मनाया जाने वाले इस व्रत को करवा चौथ कहते है। महिलाएं अपने अखंड सुहाग की कामना को लेकर उपवास रखती है। इस दिन महिलाएं सुबह से ही निर्जला व्रत रहकर शाम को नई नवेली दुल्हन की तरह सज-धज कर रात में चंद्रमा को साक्षी मानकर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। इस पर्व में शिव-पार्वती की पूजा के साथ भगवान कार्तिकेय की पूजा को अधिक फलदायी बताया जाता है। सौभाग्य सामाग्री को करवा (मटकी) में रखकर पूजा की जाती है। इसकी विधी-विधान के साथ पूजा कर भगवान में चढ़ाई गई सुहाग की सामाग्री को किसी बड़ी बुजूर्ग सुहागिन को देकर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया जाता है। संध्याकाल में पूजा के पश्चात करवा चौथ की कथा श्रवण का पुण्यलाभ मिलता है। रात में चंद्रदेव को छलनी से देखकर जल और दूध से अर्ध्य देकर आरती उतारी जाती है। इसके बाद महिलाएं अपने पति की पूजा कर आरती उतारती है, फिर पति का हाथ से जल ग्रहण कर उपवास तोड़ती है। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है तथा उन्होंने इसकी तैयारी एक दिन पूर्व ही शुरु कर दी है। श्रृंगार सदनों में गुरुवार 9 अक्टूबर को इनकी भीड़ देखी गई। वहीं सजने-संवरने के लिए पार्लरों में शुक्रवार को भीड़ रहेगी। दिन भर उपवास रहने के बाद शाम को महिलाएं पूजा करने के लिए तैयार होती है। इस दिन महिलाएं एकदम नई नवेली दुल्हन की तरह दिखने के लिए सज-धज कर तैयार होती है इसके लिए वे एक दिन पहले से ही तैयारी में लग जाती है। इसके लिए पहले ही ब्यूटी पार्लरों में मेकअप को लेकर बुकिंग शुरू हो जाती है। मेकअप के साथ मेंहदी का भी मांग जोरो पर है। बताया जाता है कि शादीशुदा महिलाएं अपनी पति के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को लेकर यह व्रत करती है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.F.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में भारीपन, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# हर कोई फैसला लेने के लिए स्वतंत्र : शूजित

**मुंबई।** पिछले कुछ वक्त से अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपने आठ घंटे काम करने की शर्त को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। अब दीपिका के प्रोशेनलिज्म और आठ घंटे की शिफ्ट पर निर्देशक शूजित सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शूजित ने अभिनेत्री का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं हर व्यक्ति के व्यक्तिगत फैसलों का सम्मान करता हूं। वे क्या करते हैं, इसके लिए वो स्वतंत्र हैं। मुझे नहीं पता कि पूरी कहानी क्या है। हालांकि, दीपिका के आठ घंटों की शिफ्ट को लेकर निर्देशक ने कहा कि कोई बात नहीं।

लाइफ Style

# दिव्या

## तकनीक की बजाय लोगों से मिलिए-जुलिए



दिव्या दत्ता इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल हैं। छावा, ब्लैकमेल और भाग मिल्खा भाग जैसी फिल्मों में अपने किरदार से उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। हाल ही में दिव्या दत्ता मेंटल हेल्थ और रिश्तों के महत्व पर बात करती दिखीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लगातार बदलती दुनिया और उसमें तकनीक के दखल के बीच उन्होंने मानसिक सेहत को लेकर बात की। दिव्या दत्ता ने मुंबई के बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल में मानसिक सेहत पर एक सेशन में हिस्सा लिया। दिव्या दत्ता ने तकनीक-प्रेमी दुनिया में रहते हुए जिंदगी में सही संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। ऐसी दुनिया जहां अब सेल फोन, चैटजीपीटी और सोशल मीडिया लोकप्रिय हैं, वहां अपनी मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना जरूरी है। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक तकनीक-प्रेमी दुनिया में रह रहे हैं, जहां मोबाइल, चैटजीपीटी, एआई और सोशल मीडिया लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। हम लोगों की बजाय मशीनों और अन्य चीजों का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, अपना धैर्य बनाए रखना और जीवन में संतुलन बनाए रखना जरूरी है'। दिव्या दत्ता ने लोगों से मूल बातों पर लौटने की गुजारिश की, जिसमें सोशल मीडिया की मदद के बिना लोगों से मिलना-जुलना और जुड़ना, अपना ख्याल रखना और खुश रहना शामिल हैं। अभिनेत्री दिव्या दत्ता के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी 'इकोज ऑफ वैलोर' हाल ही में वेनिस फिल्म फेस्टिवल 2025 में प्रदर्शित हुई।

हॉलीवुड मसाला




# नया लुक बना चर्चा का विषय

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री एमी शूमर अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अपना वजन घटाने के बाद 44 साल की अभिनेत्री सड़क पर घूमने निकलीं। इस दौरान 'आई फील प्रिटी' की अभिनेत्री ने दो रंगों वाला स्वेटर और जींस पहनी थी। इसमें लग रहा था कि उन्होंने अपना वजन घटा लिया है। अपने लुक को उन्होंने सनग्लास और खुले बालों से कंपलीट किया था। एमी शूमर तब सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ लास वेगास की हालिया यात्रा की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की।





# द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स ओटीटी पर हुई रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर हॉरर फ्रेंचाइजी द कॉन्ज्यूरिंग का आखिरी भाग द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स भारतीय सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी जलवा बिखरने को तैयार है। हॉरर फिल्म द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स भारत के बाहर के प्रशंसकों के लिए ओटीटी पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म विदेशी दर्शकअमेजन प्राइम वीडियो, एप्पल टीवी+ और फैंडैंगो पर देख सकते हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक भारत में इस फिल्म की ओटीटी रिलीज की घोषणा नहीं की है। बहुत जल्द भारतीयों के लिए भी यह फिल्म ओटीटी पर मौजूद होने वाली है। द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ओवरऑल 100.98 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।



# हल्की खुशबू से नफरत क्रेजी परफ्यूम से लव

**मुंबई।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से मशहूर हुईं एक्ट्रेस हिना खान ने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए हिना ने खुद को क्रेजी परफ्यूम लवर बताया है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्रम हैंडल की स्टोरी पर एक खास वीडियो शेयर किया है। जिसमें मेकअप रूम में तरह-तरह के गहने नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कई तरह की परफ्यूम भी दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो क्लिप में, हिना अपनी वैनिटी में अपने बाल संवारती दिख रही हैं और खुद को रिकॉर्ड कर रही हैं। इस वीडियो के साथ हिना ने कैप्शन में लिखा, 'बस एक और दिन का काम... हां, मैं परफ्यूम की दीवानी हूं, मुझे औसत खुशबू से नफरत है।' हिना की इस पोस्ट में उनके मेकअप आर्टिस्ट भी दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में हिना खान ने शादी के बाद अपना पहला जन्मदिन मनाया।



# यश की अगली फिल्म होगी साइंस-फिक्शन...

**मुंबई।** केजीएफ स्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' की शूटिंग में बिजी हैं। पर अभी से ही उनके अगले प्रोजेक्ट की चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि वो पीएस मिथ्रन संग साइंस-फिक्शन थ्रिलर मूवी पर बात कर रहे हैं। सबकुछ सही रहा तो 2026 में शूटिंग शुरू होगी। यश इस समय 'टॉक्सिक' की शूटिंग में बिजी हैं। वो कथित तौर पर तमिल मूवी प्रोड्यूसर पीएस मिथ्रन के साथ अपकमिंग प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स बता रही हैं कि पीएस मिथ्रन ने एक्सपेरिमेंटल साइंस-फिक्शन थ्रिलर डेवलप किया है और यश इसे लीड करेंगे। खैर। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। साउथ स्टार यश पहले तमिल फिल्ममेकर पीएस मिथ्रन के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे थे।

टीवी मसाला



# 7.50 लाख के सवाल पर फंसे पुरव ऑडियंस भी हुई गलत साबित

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 का चिल्ड्रन स्पेशल एपिसोड प्रसारित होना शुरू हो गए हैं। क्विज शो के 6 अक्टूबर के एपिसोड का आगाज नन्हे कंटेस्टेंट पुरव के साथ हुई। वे फास्टेंट फिंगर राउंड में बाकी कंटेस्टेंट को हराकर हॉटसीट पर बैठे। उन्होंने दो लाइफ लाइन गंवा कर शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छे से जवाब दिया। अमिताभ बच्चन भी उनकी समझदारी से इंप्रेस नजर आए। उन्होंने सुपर संदूक राउंड में सात सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने लाइफ लाइन ऑडियंस पोल जिंदा कर ली। अमिताभ बच्चन ने पुरव से 15 हजार रुपए का बड़ा दिलचस्प सवाल पूछा। अगर आपने हैरी पॉटर की किताबें पढ़ी होंगी, तो इसका जवाब आसानी से दे पाएंगे। सवाल है- 'इनमें से क्या हैरी पॉटर सीरीज की पहली पुस्तक है?' विकल्प हैं- अ. द फिलोजॉफर्स स्टोन ब. द चेम्बर ऑफ सीक्रेट्स. स. द गॉबलेट ऑफ फायर. द. द डेथली हैलोज। पुरव ने विकल्प ए. द फिलोजॉफर्स स्टोन को चुना जो सही है। मगर वह 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अटक गए। उन्होंने जवाब देने के लिए ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया। सवाल है- हाथी के इनमें से कौन से दांत लंबे होकर हाथी-दांत बन जाते हैं? विकल्प हैं। अ. मोलर ब. प्रीमोलर स. कैनाइन द.इनसाइजर। ऑडियंस ने सबसे ज्यादा वोट विकल्प सी. कैनाइन को दिया। पुरव ने ऑडियंस की बात मानी, लेकिन जवाब गलत हो गया। सही जवाब है- इनसाइजर है। जबकि उनके पास एक लाइफलाइन बची थी। वे 5 लाख रुपए जीत कर घर लौटे।

## सारा ने कृष से की रजिस्टर्ड मैरिज

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री सारा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कृष पाठक से शादी रचा ली है। इस जोड़े ने अपनी शादी की तस्वीरों को सोशल



मीडिया पर शेयर कर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया है। सारा ने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'एक साथ सीलबंद, दो आस्थाएं। एक पटकथा। बेपनाह प्यार। हस्ताक्षर सीलबंद हैं। 'कुबूल है' से 'सात फेरे' तक, इस दिसंबर में प्रतिज्ञाएं इंतजार कर रही हैं - दो दिल, दो संस्कृतियां, हमेशा के लिए एक। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का निर्माण कर रही है, जहां आस्थाएं आपस में मिलती हैं, बिखरती नहीं। क्योंकि, जब प्रेम ही विषय होता है, तो बाकी सब एक खूबसूरत उपकथा बन जाता है। तो हमें अपना आशीर्वाद दें, क्योंकि यह मिलन सभी के लिए है।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा ने शादी को लेकर कहा, 'जब हम साथ रहने लगे, मुझे कृष की पत्नी जैसा लगा, लेकिन शादी का रजिस्ट्रेशन कराना बहुत खास था।

# इन फिल्मों में दिखी भारतीय वायु सेना के शौर्य की कहानी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना दिवस हमें याद दिलाता है उन वीर योद्धाओं की, जिन्होंने आसमान की ऊंचाइयों से दुश्मनों के इरादों को ध्वस्त किया। हम उन बॉलीवुड फिल्मों के बारे में जानेंगे, जिनमें भारतीय वायु सेना की वीरता को पर्दे पर उतारा गया है। चलिए देखते हैं उन फिल्मों के नाम।

**स्काई फोर्स** : संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर द्वारा निर्देशित 'स्काई फोर्स' इसी साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, वीर पहारिया और सारा अली खान मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध और सरगोधा एयरबेस पर हमले से प्रेरित बताया जाता है। यह कहानी हवाई हमले से पहले की घटनाओं और उसके बाद एक खोए हुए नायक की तलाश पर आधारित है, जिसमें देशभक्ति के जोश और और एक्शन को दिखाया गया है। यह फिल्म भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को दर्शाती है।




**गुंजन सक्सेना** : 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' भारतीय वायु सेना की एक महिला पायलट गुंजन सक्सेना की सच्ची और प्रेरणादायक कहानी है, जो कारगिल युद्ध के दौरान लड़ाई में भाग लेने वाली पहली महिला पायलटों में से एक थीं। फिल्म में जान्हवी कपूर ने गुंजन सक्सेना का किरदार निभाया है। वहीं, पंकज त्रिपाठी और अंगद बेदी ने सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। इस फिल्म में देश के प्रति कुछ कर गुजरने की प्रबल इच्छा को दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा द्वारा किया था, जो 2020 में रिलीज हुई थी।

**भुज** : साल 2021 में अभिषेक दुधैया के निर्देशन में 'भुज' फिल्म रिलीज हुई थी। 'भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया' फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान की कहानी है। इसकी कहानी भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक के इर्द-गिर्द घूमती है। वह भुज वायु सेना बेस की कमान संभालते हैं और माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की एक टीम का नेतृत्व करते हैं और मिशन पूरा करने का प्रयास करते हैं। यह फिल्म युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना के जवानों की बहादुरी और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर, एमी विर्क, इहाना ढिल्लन जैसे कलाकार नजर आए थे।

# सिलाम्बरासन और वेत्रिमारन की नई फिल्म अरासन का ऐलान

**मुंबई।** तमिल सिनेमा के दो दिग्गज नाम- सिलाम्बरासन टी आर और डायरेक्टर वेत्रिमारन एक बार फिर एक प्रोजेक्ट के लिए साथ आने वाले हैं और इस बार उनका यह कोलैब एक नई फिल्म के लिए हुआ है। लंबे समय से 'एसटीआर 49' के नाम से जानी जा रही इस फिल्म का असली नाम आखिरकार सामने आ गया है। फिल्म का नाम है 'अरासन'। मंगलवार को इसका फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। फिल्म के टाइटल पोस्टर में सिलाम्बरासन काफी रफ एंड टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा तो ठीक से नहीं दिख रहा है लेकिन ऐसा लग रहा है कि वो काफी तीव्रता के साथ देख रहे हैं। 'अरासन' का मतलब होता है राजा। फिल्म का पोस्टर देखने के बाद यह तो साफ है कि फिल्म में सिलाम्बरासन एक दमदार किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म के निर्माता कलाईपुली एस. थानु ने फिल्म का पोस्टर साझा किया। असुरन, वडा चेन्नई और विसरनाई जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाने वाले डायरेक्टर वेत्रिमारन इस बार भी बिल्कुल वैसा ही जादू बिखेरने की कोशिश करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक ने पहले ही



संकेत दिया था कि अरासन, वडा चेन्नई यूनिवर्स का हिस्सा हो सकता है। इससे यह कयास तेज हैं कि कहानी चेन्नई के अंडरवर्ल्ड और सत्ता की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिलहाल मेकर्स ने सिर्फ फिल्म के टाइटल और सिलाम्बरासन के फर्स्ट लुक का खुलासा किया है। बाकी कास्ट और टेक्निकल टीम से जुड़ी जानकारी जल्द सामने आएगी। खबर है कि फिल्म में एक बड़ा कैमियो अभिनेता मणिकंदन का भी होगा, जबकि निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार एक खास सीक्वेंस में नजर आ सकते हैं।

## सुहागिन स्त्रियां व्रत रखती हैं और अपने पति की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की करती हैं कामना

# पत्नी के साथ ये अभिनेता भी साथ में रखते हैं करवाचौथ का व्रत

मुंबई। करवाचौथ का त्योहार पति-पत्नी के प्यार का प्रतीक है। परंपरा के मुताबिक सुहागिन स्त्रियां इस दिन व्रत रखती हैं और अपने पति की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। कई अभिनेत्रियां भी यह त्योहार मनाती हैं। अब इस त्योहार में एक नया ट्रेंड भी शुरू हो गया है। कुछ पुरुष भी अपनी पत्नी के साथ यह व्रत रखने लगे हैं। इसके उदाहरण फिल्म जगत में भी हैं। कई अभिनेता हैं, जो अपनी पत्नियों के साथ करवाचौथ का व्रत रखकर यह त्योहार सेलिब्रेट करते हैं।

**अभिषेक बच्चन** : ऐश्वर्या राय बच्चन करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाती हैं। हर साल वे अभिषेक बच्चन के लिए यह व्रत रखती हैं। वहीं, अभिषेक बच्चन भी अपनी चांद सी पत्नी के लिए यह व्रत रखते हैं और दिनभर भूखे रहते हैं। शाम को चांद के दीदार के साथ दोनों व्रत खोलते हैं।






**राज कुंद्रा** : शिल्पा शेट्टी करवाचौथ सेलिब्रेट करती हैं। हर साल उनका करवाचौथ लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल होता है। दिलचस्प बात यह है कि उनके साथ-साथ पति राज कुंद्रा भी यह व्रत रखते हैं। बिजनेसमैन से एक्टर बन चुके राज कुंद्रा भी शिल्पा शेट्टी के लिए भूखे रहते हैं।



**आयुष्मान खुराना** : अभिनेता आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप भी कपल गोल पूरे करते हैं। दोनों की जोड़ी फैंस की पसंदीदा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ताहिरा कश्यप एक बार कुछ मेडिकल कारणों के चलते करवाचौथ व्रत नहीं रख पाई थीं और तब आयुष्मान ने उनके लिए व्रत रखा था।

**विक्की कौशल** : अभिनेता विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की जोड़ी फैंस की पसंदीदा है। दोनों कपल गोल्स पूरे करते हैं। जल्द ही दोनों अपनी पहली संतान का स्वागत करेंगे। कैटरीना कैफ भले ही विदेशी धरा पर पली-बढ़ी हैं, मगर उन्होंने भारतीय कल्चर को बखूबी अपनाया है। विक्की कौशल से शादी के बाद वे करवाचौथ का व्रत रखती हैं।



**जय भानुशाली** : इस लिस्ट में एक्टर जय भानुशाली का नाम भी शामिल है। वे भी अपनी पत्नी माही विज के लिए करवाचौथ का व्रत रखते हैं। दोनों साथ-साथ यह त्योहार सेलिब्रेट करते हैं।



## खबर संक्षेप

### सामाजिक अंकेक्षण में 20 बिंदुओं पर चर्चा



**बिर्रा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार पटेल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धनेश साहू, बालगोविंद साहू, प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन, प्रीतम प्रसाद खुंटे ,पंच फिरतूराम कहरा, टीम लीडर उत्तम साहू भीमराम टंडन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उतरा वैष्णव अनिता साहू रामेश्वर साहू रामचरण पटेल संतोष आदित्य राहिन बाई सम्मेबाई फिरतराम केंवट एम आर कश्यप आर के कश्यप सुरेश चन्द कर्ष आर पी पटेल रामकृष्ण ड़डेसना राजन कर्ष की उपस्थिति में हुआ। सामाजिक अंकेक्षण में बीस बिन्दु पर चर्चा किया गया जिसमें बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता पर चर्चा किया गया साथ ही विद्यालय परिसर की स्वच्छता मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं न्योता भोजन से संबंधित बच्चों से प्रश्न किया गया। वही बच्चों के द्वारा पुस्तक का वाचन किया गया जिससे उपस्थित सदस्यों ने बच्चों की पढ़ाई की प्रशंसा किया। बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रोत्साहन एवं जन्मदिन पर शुभकामनाएं पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित करना। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक रितेश क श्यप ने किया अंत में आभार प्रर्दशन शिक्षक एस सी कर्ष ने किया।

### तनौद में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आज से

**तनौद।** जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत ग्राम तनौद में साहू परिवार द्वारा ग्राम के हृदय स्थल हटवारा पारा में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार 10 अक्टूबर से किया गया है। शुभारंभ अवसर पर कीर्तन मंडली के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। व्यास पीठ पर कथावाचक मनोज तिवारी साराडीह डभरा के मुखारविंद से कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से कथा शुरू होगा। कथा 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार कलशयात्रा 11 अक्टूबर वेदी पूजन व कथा महात्म्य, 11 अक्टूबर परीक्षित जन्म सुखदेव आगमन एवं कपिल चरित्र भक्त ध्रुव प्रहलाद चरित्र, 12 अक्टूबर सती चरित्र भक्त ध्रुव ,13 अक्टूबर वामनावतार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव ,14 अक्टूबर बाल लीला एवं गोर्वधन पूजा ,15 अक्टूबर महा रास रुक्खमणी विवाह ,16 अक्टूबर श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र के साथ कथा विराम 17 अक्टूबर तुलसी वर्षा यज्ञ हवन पूर्णाहुति एवं सहस्त्र धारा के साथ कथा का समापन होगा।

### बनडभरा में विराट दशहरा महोत्सव आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनडभरा ( बिर्रा) में विराट दशहरा महोत्सव रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन आज 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रखा गया है। दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रि में भुजबल यादव आर्केस्ट्रा लोककला मंच पुरैना खरसिया की शानदार प्रस्तुति होगी। सरपंच मनोज भारद्वाज एवं ग्राम वासियों के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### कलश यात्रा के साथ संगीतमय प्रज्ञा पुराण 9 कुण्डीय गायत्री दीप महायज्ञ प्रारम्भ

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत अकलतरी में सात दिवसीय पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं नौ कुंडी गायत्री दीप महायज्ञ का शुभारंभ अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में आध्यात्मिक संदेशवाहक अनिलेश तिवारी भोले (बनारस वाले) के अमृतवाणी से किया गया।



कार्यक्रम के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं, युवतियां एवं बालिकाएं पीला वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा आयोजन स्थल से ग्राम भ्रमण करते हुए तालाब में पूजन एवं जल भरकर भजन कीर्तन करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में डफली ,मंजीरा के साथ गीत गाते व संदेश देते हुए,कर्मा नृत्य एवं राउत नाचा , भारत माता व हनुमान जी की झांकी कलश यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। 13 अक्टूबर सोमवार को प्रातः 9 बजे नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हवन पूर्णाहुति एवं टोली की विदाई की जाएगी। कलश यात्रा में लक्ष्मी साहू, समेलाल साहू, बिसुन यादव, रामभवन कश्यप, गोरेलाल साहू, रामलाल विश्वकर्मा, पुर्नेद्र सिंह राणा रिखीराम साहू, ठंडाराम यादव, अशोक साहू, त्रिलोकपूरी गोस्वामी, दीपक साहू,चंदराम साहू, फिरोज कश्यप,महेश्वर कश्यप, बिहारी ताम्रकार, देवी साहू, जगेश्वर जोधराम, कालेश्वर साहू, विजय पटेल समेत गायत्री परिवार ग्राम अकलतरी, मधुवा, पिपरसत्ती सांकर, सोनादुला , कल्याणपुर किरारी व अकलतरा व आसपास के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा लोक मंगलहित हेतु आध्यात्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

ग्रामीणों से सीधे संवाद कर सुविधाओं के सही उपयोग, रखरखाव और प्रभावी संचालन के महत्व पर दिया जोर

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार ने विभिन्न स्वच्छता प्रबंधन कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

राज्य सलाहकार, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायपुर श्रीमती मोनिका सिंह ने गुरुवार 9 अक्टूबर को जिला सक्ती का दौरा कर जनपद पंचायत मालखरौदा की विभिन्न ग्राम पंचायतों बंदोंरा, छपोरा, जमगहन, चरौदा और कुरदा में चल रहे स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक शौचालयों, फिकल स्लज मैनेजमेंट प्रणाली और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया। श्रीमती मोनिका सिंह ने स्थानीय अधिकारियों और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर इन सुविधाओं के सही उपयोग, रखरखाव और प्रभावी संचालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी पहल नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। श्रीमती मोनिका सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं, जिससे गांव के लोग बीमारियों से बचें और बेहतर जीवन जी सकें। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को सुझाव दिए कि वे नियमित निरीक्षण और जागरूकता अभियान के माध्यम से इन कार्यों को और प्रभावी बनाएं।



ग्रामीणों से चर्चा करती स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलहाकार मोनिका सिंह।

राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का लक्ष्य केवल स्वच्छता सुनिश्चित करना नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन को समग्र रूप से स्वस्थ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनाना है, और इसके लिए समुदाय की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जिला पंचायत और जनपद की टीम, सरपंच, सचिव, स्वच्छग्राही तथा स्थानीय ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत मिशन से बदल रही अमलीपाली गांव की तस्वीर

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिला के छोटे-छोटे जंगलों और पहाड़ियों से घिरा एक छोटा-सा गांव है अमलीपाली। पहली नजर में यह आम गांव जैसा लगता है, लेकिन इसकी पहचान कुछ खास है। यहां के लोग बेहद सरल और सीधे-सादे स्वभाव के हैं। अधिकतर लोग खेती-किसानी करते हैं और खास बात यह है कि लगभग साठ से सत्तर प्रतिशत किसान जैविक खेती पर भरोसा करते हैं। वे अपने अनुभव से जैविक खाद और जैविक कीटनाशक तैयार करते हैं और यही परंपरा गांव की मिट्टी और फसलों को खास बनाती है। साल 2007 अमलीपाली के लिए ऐतिहासिक रहा। इसी वर्ष इसे जिले का पहला निर्मल ग्राम पंचायत घोषित किया गया। इसके बाद 2 अक्टूबर 2014 को जब पूरे देश में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत हुई तो अमलीपाली ने एक बार फिर सबसे आगे रहकर जनपद का पहला ओडीएफ यानी खुले में शौच मुक्त पंचायत बनने का गौरव हासिल किया। गांव के हर घर में बने शौचालय का परिवारजन नियमित उपयोग करने लगे और आसपास के पंचायतों को भी प्रेरित करने लगे। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में जब ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की बारी आई, तो बड़ी चुनौती सामने आई। पंचायत में जब महिलाओं के जरिए घर-घर कचरा संग्रहण की बात हुई, तो लोगों ने कड़ा विरोध किया। कोई भी अपने घर की महिला को कचरा उठाने भेजने के लिए तैयार नहीं था। यह सोच सबसे बड़ी बाधा थी। इसी बीच पंचायत की सजग महिला प्रभा देवी ने आगे आकर महिला समूहों को जागरूक किया। लगातार बैठकों का आयोजन किया गया और महिलाओं को समझाया गया कि यह सिर्फ कचरा उठाना नहीं, बल्कि गांव को साफ और स्वस्थ बनाना है। सोनडीह गांव के एक महिला समूह ने साहस दिखाया और घर-घर जाकर कचरा संग्रहण की शुरुआत की। शुरूआत में उन्हें तानों और विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन वे डटी रहीं। धीरे-धीरे माहौल बदलने लगा। सड़कें और गलियां पहले से ज्यादा साफ दिखने लगीं, लोग खुद आगे आकर सहयोग देने लगे। इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने दस रुपये मासिक स्वच्छता शुल्क तय कर दिया, ताकि समूह का उत्साह बढ़े। समय बदला और वही महिला समूह, जिसने कचरा संग्रहण की पहल की थी, उसकी अध्यक्ष आज ग्राम पंचायत की सरपंच बनी। यह सिर्फ स्वच्छता की जीत नहीं थी, बल्कि नारी सशक्तिकरण की भी मिसाल थी। अमलीपाली गांव ने सिर्फ सफाई पर ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया। पंचायत ने प्लास्टिक पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया। हर पंद्रह दिन में ग्रामीण श्रमदान कर सफाई अभियान चलाते हैं।



# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा की घटना

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार 9 अक्टूबर को सुबह लगभग 6 बजे के करीब दूरपा गौशाला के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही एक बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय सड़क पर अधिक आवाजाही नहीं थी,जिसके कारण हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। ग्राम सरपंच सम्मे साहू स्वयं मौके पर पहुंचे और तुरंत शिवरीनारायण थाना को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतका के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका की पहचान शिवरीनारायण की ही एक बुजुर्ग महिला के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग महिला का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। सड़क पर खून और शरीर के अंग बिखरे हुए थे, जिससे देखने वालों की आंखें नम हो गईं। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। हालांकि लोगों ने प्रशासन से मांग भी कि है जल्द से जल्द अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए और मृतका के परिवार को मुआवजा राशि दिया जाए। ग्रामवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार में वाहन गुजरते हैं। सड़क पर गति नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर या चेतावनी संकेत भी नहीं है।

## विधायक सिंह ने अघोर विद्यापीठ के कराटे खिलाड़ियों किया उत्साहवर्धन



**अकलतरा।** राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप के लिए चयनित अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा के कराटे खिलाड़ियों ने गुरुवार को विधायक कार्यालय में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के साथ सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी शाला एवं अकलतरा विधानसभा का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अघोर विद्यापीठ की प्राचार्य अंजली दुबे ने बताया कि शाला के विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत कराटे खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तर में अपनी जगह सुनिश्चित की है। इस अवसर पर जिला कराटे संघ के प्रमुख वरुण पाण्डेय, कोच रूखमणी रानू, विद्यालय के खेल शिक्षक हरप्रीत सिंह और खिलाड़ी उन्नति सिंह, किशन साहू, आस्था सिंह, पलक सिंह, रचना सोनी, वैभव, विहान , आर्यवीर, अनमोल, अजय , मनूराज , दिव्यांश , समवर्ती, आकृति , तृप्ति , जिशीका, आदि खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

## पहले जिन पार्षदों ने निर्यात कर लागू करने का प्रस्ताव पारित किया उनमें से अधिकांश कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा नगर पालिका में इन दोनों विचित्र स्थिति देखने को मिल रहा है कुछ दिनों पूर्व जिन पार्षदों ने नगर में निर्यात कर लागू करने का प्रस्ताव पारित किया था उनमें से ही अधिकांश पार्षदों ने अब निर्यात कर लागू करने के विरोधी प्रस्ताव में हस्ताक्षर किया है। ऐसे में नगर की जनता अपने चुने हुए पार्षदों के निर्णय क्षमता पर सवाल उठा रही है।

- अकलतरा नगर पालिका में अजीबोगरीब स्थिति

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व नगर पालिका के सामान्य सभा के दौरान नगर 14 पार्षदों के द्वारा नगर में निर्यात कर लगाए जाने के प्रस्ताव का समर्थन किया गया था, इस दौरान तीन पार्षदों के द्वारा निर्यात कर लागू नहीं किए जाने के समर्थन में हस्ताक्षर किया था वहीं तीन पार्षदों के द्वारा निर्यात करके विषय को अगली बैठक में रखे जाने की बात कही गई थी। निर्यात कर लागू किए जाने के प्रस्ताव के पक्ष में बहुमत होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा 30 सितंबर को निर्यात कर नीलामी सूचना का प्रकाशन कराया गया था। 8 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ चेंबर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर प्रस्तावित निर्यात कर नीलामी सूचना को निरस्त करने की मांग की गई एवं छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई के मांग के समर्थन में 15 पार्षदोंके द्वारा हस्ताक्षर करते हुए अपना समर्थन दिया है। कई पार्षदों के द्वारा निर्यात कर लागू किए जाने के समर्थन एवं विरोध दोनों ही प्रस्ताव में हस्ताक्षर किए जाने विचित्र स्थिति निर्मित हो गई है। बताया जा रहा है कि कुछ पार्षदों ने व्यक्तिगत तौर पर नगर पालिका को पत्र लिखकर निर्यात कर लागू किए जाने की मांग की गई थी एवं बाद में उन्हीं के द्वारा विरोध किया जा रहा है।

**किन वस्तुओं पर लागू होगा निर्यात कर**-नगर पालिका के द्वारा निर्यात कर नीलामी सूचना प्रशासन के बाद नगर में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि निर्यात कर लागू होने के बाद यहां के छोटे व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा एवं उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान होगा जिसके चलते नगर का व्यापार भी प्रभावित होगा वहीं कुछ लोगों का कहना है कि निर्यात कर के माध्यम से नगर पालिका को राजस्व की प्राप्ति होगी जिससे नगर पालिका बेहतर सुविधा दे सकेगी। निर्यात कर से केवल धान व इसके अन्य उत्पाद सहित पत्थर ,गिट्टी, मुरूम, रेती, कोयला ,खाद उत्पादन अथवा भंडारण करके निर्यात करने वाले बड़े व्यापारी ही प्रभावित होंगे इससे गल्ला, किराना, छड़,सीमेंट ,कपड़ा ,होटल ,सब्जी ,हार्डवेयर सेनेटरी सहित अन्य छोटे व्यापारीयों को कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**शासन को भेजा जाएगा मार्गदर्शन के लिए**

पहले कुछ पार्षदों ने निर्यात कर लागू हो करके मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित में पत्र दिए हैं फिर वही लोग अब इसके विरोध कर रहे हैं लेकिन प्रस्ताव सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पास हो गया है। पालिका राज्य सरकार के किसी भी स्थाई नियम को समाप्त नहीं कर सकती इसके लिए उसे राज्य शासन से पूर्व अनुमति लेना होता है। कुछ पार्षदों की लिखित पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्राप्त हुए हैं जिसमें अब वे पार्षदगण नगर में निर्यात कर लागू होने को लेकर असहमति जताए हैं जिसे मार्गदर्शन के लिए राज्य शासन को भेजा जाएगा ।

-दीप्ति रोहित सारथी,
पालिका अध्यक्ष अकलतरा

**लागू किया जा रहा निर्यात कर**

शासन के द्वारा नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से करों का निर्धारण किया गया है। शासन के नियमों के अनुसार सामान्य सभा की बैठक में बहुमत से प्रस्ताव पारित कर विधिवत निर्यात कर लागू किया जा रहा है।

-संजय सिंह,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद अकलतरा

## वर्तमान समय में आंखों की देखभाल जरुरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल एवं खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मृत्युंजय राठौर ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर थानेश पटेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा तथा वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया, जहां नेत्र सहायक अधिकारी सुरेश मनहर, एवं राजेंद्र लहरे के द्वारा आंखो की देखभाल की विस्तृत जानकारी दी गयी। नेत्र सहायक के द्वारा बताया गया की वर्तमान समय में आंखो की देखभाल करना चुनौती बन गया है क्योंकि हमारे जिंदगी में सोशल मिडिया का भूमिका दिनों दिन बढ़ती जा रहीं है आज हम देख रहें की प्रत्येक घर में छोटे छोटे बच्चे भी मोबाइल की आदि हो चुके है मां बाप भी छोटे छोटे बच्चे को मोबाइल की लत लगवा रहें है जिससे आने वाले समय में बच्चों की रोशनी की खतरा बनी है नौयुवक भी अधिकांश समय कंप्यूटर और प्रोजेक्ट से पढ़ाई कर रहें है इससे आंखो की देखभाल की जानकारी बहुत जरुरी है। युवा वर्ग भी घंटे मोबाइल और टीवी में समय गवा रहें है जिससे रौशनी कमजोर की खतरा बनी रहती है। वर्तमान समय में शुगर मरीज की जनसंख्या लगातार बढ़ रहीं है अगर हम शुगर लेबल को कंटोल में नहीं रखते है हमारी आखों की पर्दा कमजोर हो जाती है इसलिए 40 वर्ष में बाद आखों की जाँच बहुत जरुरी हो जाता है। आखों की रोशनी कमजोरी उम्र के साथ भी होती है जिससे बीच बीच में जांच जरूर करना चाहिये मालखरौदा में आखों की जांच सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क उपलब्ध है।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा एवं वेदराम महाविद्यालय में मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक



राजनैतिक दल के पदाधिकारियों से चर्चा करती उप जिला निर्वाचन अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम ने विगत दिवस आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के दृष्टिगत जिले के राजनैतिक दलों की बैठक ली। बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में प्रारंभिक जानकारी दी गई एवं वर्तमान में हुए मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के अनुमोदन उपरांत नवीनतम मतदान केन्द्रों की सूची निःशुल्क प्रदाय की गई। बैठक में निर्वाचन कार्यालय के संबंधित अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन ब्यास आचार्य ने सुनाई शिवलिंग उत्पत्ति प्राकट्य की कथा

# भगवान शंकर संहार व अनुग्रह के देवता, इसलिए सर्वाधिक होती है पूजा : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम बनारी में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा में गुरुवार 9 अक्टूबर को कथा प्रवक्ता मनोज पांडे ने शिवलिंग के उत्पत्ति प्राकट्य की कथा, ब्रह्मा जी की अपूज्यता का कारण, भस्म धारण विधि भस्म माहात्म्य रुद्राक्ष धारण विधि रुद्राक्ष माहात्म्य आदि की चर्चा की।

सृष्टि के कार्य में सृष्टि स्थिति और विनाश इन तीन कार्यों के लिए पर ब्रह्म ने ब्रह्मा विष्णु और शिवजी का स्वरूप धारण किया है। अन्य देवताओं के केवल मूर्ति की पूजा होती है लेकिन शिव जी के मूर्ति और लिंग दोनों की पूजा होती है । शिवजी संहार के देवता हैं लेकिन अनुग्रह के भी देवता इसीलिए अन्य सभी देवताओं की तुलना में इनके सर्वाधिक मंदिर हैं और सर्वाधिक पूजा इन्हीं की होती है। भस्म धारण का सभी वर्णो जातियां लिंग सबको अधिकार है परंतु भस्म रुद्राक्ष तुलसी माला आदि धारण करने के बाद मांस मदिरा आदि के सेवन से बचना चाहिए दुर्गंध तामसी भोजन से बचना चाहिए तब सभी को अधिकार है और यदि भोजन में आचरण में संयम न हो तभी उसे व्यक्ति को भस्म रुद्राक्ष या तुलसी माला आदि धारण करने से बचना चाहिए। किसी भी वर्ण या जाति के प्रति कोई पूर्वाग्रह या दुराग्रह हमारे व्यास जी के मन में नहीं है। हमारे पवित्र धार्मिक प्रतीकों को पवित्र लोग धारण कर सकें इसकी अपेक्षा की जाती है। शिवजी सगुन भी हैं और निर्गुण भी इसलिए उनके लिंग और वेर अर्थात मूर्ति दोनों की पूजा होती है अन्य देवताओं के केवल सगुन स्वरूप मूर्ति मात्रकी पूजा होती है। कथा श्रवण करने जगदीश तिवारी, विजय तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, कृष्णकांत तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, राजेश तिवारी, कमलकांत तिवारी, माधव प्रसाद पाण्डेय, जीवराखन तिवारी, राकेश पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनमोहन दुबे, गोरेलाल मिश्रा, रामेश्वर साव, बोधराम धीवर आदि उपस्थित थे।



शिव महापुराण कथा सुनाते पंडित मनोज पांडेय एवं उपस्थित श्रद्धालु।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411